Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 14-08-2006

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

an>

Title : Need to accord clearance to the proposal for generation of electricity from Gas at C.I.L. near Mirapur, Rajasthan.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : उपाध्यक्ष जी, भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूजीसी) पर कोयला मंत्रालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस.एंड टी) अनुदान के अंतर्गत, सोवियत विशेाज्ञों के सुझाव पर दिसम्बर 91 से फरवरी 92 के दौरान राजस्थान के मेड़ता रोड लिग्नाइट ब्लाक में बोर होल्स की ड्रिलिंग द्वारा और जनवरी-फरवरी 95 के दौरान अतिरिक्त हाइड्रो-जीओलौजिकल डॉटा द्वारा सैंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) द्वारा अतिरिक्त आंकड़े तैयार किये गये थे। यद्यपि मेड़ता रोड लिग्नाइट डिपॉज़िट तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन हेतु प्रायोगिक (पायलट) परियोजना अध्ययनों के लिए प्रौद्योगिकीय रूप से व्यवहार्य पाया गया था किन्तु लिग्नाइट की परत के ऊपर और नीचे पड़े एक्वीफर के दूति होने की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुये, एस. एंड टी. परियोजना ने सुझाव दिया कि इसका और अनुसरण नहीं किया जाना चाहिये क्योंकि क्षेत्र की सम्पूर्ण जनसंख्या भूमिगत जल पर निर्भर है, इसलिये परियोजना को और आगे नहीं बढ़ाया गया।

जल दूति होने के संबंध में मैंने प्रधानमंत्री जी, ऊर्जा व कोयला मंत्री जी को दिनांक 17.03.06 को एक पत्र लिखकर उसके साथ विशेाज्ञ की रिपोर्ट लगाकर प्रेति की है।

अत: निवेदन है कि उपरोक्त पत्र के साथ भेजी गई विशेाज्ञ रिपोर्ट का अवलोकन कर इस परियोजना को शीघ्र शुरु कर वाने का कट करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Punnu Lal Mohale – not present

Shrimati Minati Sen - not present[RB22]